भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1393

(11 फरवरी, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के अंतर्गत पेयजल परियोजनाएं

1393. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अंतर्गत कोई परियोजना कार्यान्वित की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो पश्चिम बंगाल सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा) बॉटम-अप अप्रोच वाली मांग धारित योजना है। ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों का अनुमोदन और प्राथमिकता निर्धारण ग्राम सभा द्वारा किया जाता है। अतः योजना के तहत अनुमेय कार्यों की कार्य योजना (कार्यों की सूची) ग्राम सभा द्वारा तैयार और अनुमोदित की जाती है और मांग के अनुसार ही इन पर कार्रवाई की जाती है।

महात्मा गांधी नरेगा की अनुसूची-I के पैरा संख्या 4(1), I के अनुसार श्रेणीः कः प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से संबंधित सार्वजनिक कार्य (i) पेयजल स्रोतों सहित भूजल स्तर में वृद्धि करने पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए भूमिगत जल स्तर बढ़ाने और इसमें सुधार करने के लिए जल संरक्षण और जल संरक्षण संरचनाएं जैसे भूमिगत बांध, मिट्टी के बांध, रोक बांध, नियंत्रक बांध बनाना।

(ख): पश्चिम बंगाल सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम ईएस) पर अपलोड की गई सूचना के अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वर्ष 2019-20 के दौरान (दिनांक 03 फरवरी, 2020 तक) पेयजल स्रोतों के लिए किए गए भू-जल स्तर में वृद्धि और जल संरक्षण कार्य अनुबंध में दिए गए हैं।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****

लोक सभा में दिनांक 11.02.2020 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 1393 के उत्तर के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	राज्य	पूरे किए गए कार्य		जारी कार्य	
		कार्यों की संख्या	व्यय लाख रूपए में	कार्यों की संख्या	व्यय लाख रूपए में
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0
2	□ंध्र प्रदेश	0	0	0	0
3	अरुणाचल प्रदेश	0	0.12	9	17.13
4	असम	2	0.63	98	6.02
5	बिहार	158	6.26	58	1.15
6	छत्तीसग□	168	3.03	229	5.58
7	दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0
8	दमन और दीव	0	0	0	0
9	गोवा	0	0	3	2.53
10	गुजरात	2	0	1	0
11	हरियाणा	1	0.07	3	0
12	हिमाचल प्रदेश	5	0	9	0.96
13	जम्मू और कश्मीर	8	2.79	50	2.26
14	झारखंड	2	0	18	0.32
15	कर्नाटक	610	48.6	1674	72.59
16	केरल	883	417.77	1245	172.09
17	लक्षद्वीप	0	0	0	0
18	मध्य प्रदेश	545	205.93	1128	256.8
19	महाराष्ट्र	1938	44.3	1495	125.68
20	मणिपुर	1	0	9	0.53
21	मेघालय	24	13.83	32	8.35
22	मिजोरम	0	0	0	0
23	नागालैंड	0	0	1	0
24	ओडिशा	633	41.41	629	43.33
25	पुद्दुचेरी	0	0	0	0
26	पंजाब	24	0.59	81	18.64
27	राजस्थान	15	5.18	25	4.46
28	सिक्किम	0	0	0	0
29	तमिलनाडु	2237	178.44	1621	36.04
30	तेलंगाना	105	1.08	841	2.22
31	त्रिपुरा	7	2.69	2	0
32	उत्तर प्रदेश	53	0.71	129	3.61
33	उत्तराखंड	12	4.63	8	0.99
34	पश्चिम बंगाल	242	20.58	868	111.24
	कुल	7675	998.64	10266	892.52